भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

Email

राज्य मुख्यालय

शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल-17 (म.प्र.)

दूरभाष : 0755-2661263, 2737446 फैक्स-2661263

website : bsgmp.net E-mail : bsgmadhyapradesh@gmail.com

क्र. ..../911/रा.मु/पंजीयन/2017 दिनांक 25/5/2017

प्रति,

समस्त कलेक्टर

जिला - म.प्र. ।

विषय– जिला अन्तर्गत सी.बी.एस.ई. शैक्षणिक संस्थाओं में स्काउट/गाइड दल गठन एवं गतिविधि संचालन बाबत ।

भारत स्काउट एवं गाइड नवयुवकों के लिए एक स्वंय सेवी, गैर सरकारी, शैक्षिक आन्दोलन है । प्रत्येक व्यक्ति के लिए बिना किसी जाति, वंश तथा धर्म भेदभाव के खुला है यह सन्–1907 में संस्थापक लार्ड बेडन पॉवेल द्वारा संकल्पित किये गये लक्ष्य सिद्धांत तथा पद्धति के अनुरूप है ।

इसका उद्देश्य नवयुवकों के विकास में इस तरह योगदान करना है जिससे उनकी पूर्ण शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक तथा अध्यात्मिक अन्तः शक्ति को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नागरिकों के रूप में यथा, स्थानीय, राष्ट्रीय समुदायों के रूप प्राप्त किया जा सके ।

स्काउट एवं गाइड आन्दोलन ईश्वर के प्रति कर्तव्य, दूसरों के प्रति कर्तव्य, स्वंय के प्रति कर्तव्य के सिद्धांत पर आधारित है । जिसे प्राप्त करने के लिए प्रतिज्ञा तथा नियम पालन, स्वंय करके सीखना तथा वयस्क नेतृत्व के अंतर्गत छोटे ग्रुप की सदस्यता के रूप में उत्तरदायित्व देने की प्रगतिशील पद्धति अपनाई जाती है, ताकि वे वयस्क मार्गदर्शन में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुये प्रगतिशील अन्वेषण एवं स्वीकृति, आत्मानुशासन, चारित्रिक विकास, स्वावलबंन, विश्वसनीयता, सहयोग की भावना, नेतृत्व क्षमता का विकास करते हुये देशप्रेम, एकता अनुशासन का पाठ पढते हुये सुनागरिकता का प्रशिक्षण प्राप्त कर सके । इसके लिए उन्हें विभिन्न गतिविधियों, प्रेरक, कार्यक्रमों जो प्रातिभागी की रूचि के अनुरूप हो जैसे ट्रेकिंग, हाईकिंग, क्लाईबिंग, पर्वतारोहण, नौकायान, तैराकी जैसा साहसिक गतिविधियों, साक्षरता, कुष्ठ उन्मूलन, स्वच्छता, वृक्षारोपण, नशीले पदार्थ एवं एड्स विरोधी कार्यक्रम, रक्तदान, नेत्रदान योजनाओं में जुटकर समाज सेवा करना, सांस्कृतिक आदान–प्रदान, विश्व बंधुत्व, बौद्धिक विचार–विर्मश, अध्ययन यात्रा, रैली, जम्बूरी आदि में सम्मिलित कराकर उनके संर्वागीण विकास के अवसर प्रदान करते है ।

भारत स्काउट एवं गाइड शैक्षिक आन्दोलन के महत्व को समझते हुये म.प्र.शासन ने स्काउट/गाइड के क्रियाकलाप को शिक्षा का अभिन्न अंग मानते हुये म.प्र. के शासकीय/अशासकीय एवं सी.बी.एस.ई. की समस्त विद्यालयों मे **स्काउट/गाइड दलों का गठन एवं संचालन अनिवार्य कर दिया गया है तथा कक्षा ३ से १२ तक के छात्र-छात्राओं के लिए स्काउट/गाइड के निर्धारित पाठयक्रम जो उनके उम्र के मनोविज्ञान के अनुरूप हो प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।** साथ ही इन शालाओ में गठित दलों शिक्षक/शिक्षिकाओ की व्यवस्था इस कार्यालय के माध्यम से की जा सके ।

अतः जिला अन्तर्गत प्रत्येक सी.बी.एस.ई. शैक्षणिक संस्थाओं में स्काउट/गाइड दल गठन एवं संचालन सुनिश्चित करने हेतु आदेश जारी करने का कष्ट करें ।

संलग्न – वार्षिक कार्यक्रम एवं कार्य योजना ।

(पारस चन्द्र जैन)
उर्जा मंत्री
मध्यप्रदेश शासन एवं
राज्य मुख्य आयुक्त
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल-17 (म.प्र.)
दूरभाष : 0755-2661263, 2737446 फैक्स-2661263
website : bsgmp.net E-mail : bsgmadhyapradesh@gmail.com

क्र. / 712/रा.मु/पंजीयन/2017 दिनांक 25/5/2017

प्रतिलिपि :–

1. समस्त संयुक्त संचालक लोक शिक्षण म.प्र. ।
2. समस्त उपायुक्त आदिवासी विकास विभाग म.प्र. ।
3. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पदेन जिला मुख्य आयुक्त (स्काउट) ।

(पारस चन्द्र जैन)
उर्जा मंत्री
मध्यप्रदेश शासन एवं
राज्य मुख्य आयुक्त
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश